<u>सूचना</u>

झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची में विज्ञापन संख्या 03/स्थापना/2018 के द्वारा विज्ञापित जनरेटर ऑपरेटर के पद पर चयन, जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट, के माध्यम से किया जाएगा।

जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट का निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत है :-

जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट की तिथि:- 18 /05 /2024

केंद्र: झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुरवा, रांची

उपस्तिथि का समय : सुबह 09:00 बजे

उपरोक्त विज्ञापन में निर्धारित मानदंड को पूरा करने वाले योग्य उम्मीदवारों की सूची झारखण्ड उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग्य उम्मीदवारों के जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट का प्रवेश पत्र उनके दिए हुए पते पर डाक के माध्यम से भेजा जा रहा है। जिन उम्मीदवारों को जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट का प्रवेश पत्र समय पर नहीं मिलता है , वे 16/05/2024 को सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुरवा, रांची के परिसर में आकर अपने जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट का प्रवेश पत्र की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।

जनरेटर ऑपरेटिंग टेस्ट का प्रवेश पत्र की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार को अपने साथ कोई भी फोटो पहचान पत्र जैसे : - आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र / वाहन चालक पहचान पत्र या अन्य की मूल प्रति लानी होगी।

विज्ञापन की निर्धारित मानदंड को पूरा नहीं करने वाले उम्मीदवारों का आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया गया है जिनकी सूची , अस्वीकृति के कारणों के साथ , अलग से झारखण्ड उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

ह /-
महानिबंधक
झारखण्ड उच्च न्यायालय